**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## मीडिया विश्वास,एकता और शांति बनाए रखने का सशक्त माध्यम-राज्यपाल

### राज्यपाल ने किया नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

जयपुर/सिरोही, 27 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को ब्रहमाकुमारी के शांतिवन परिसर में आयोजित नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ इसीलिए कहा जाता है कि वह लोकतंत्र की जड़ों को सींचकर उसे हरा भरा रखता है।

उन्होंने कहा कि मीडिया विश्वास, एकता और शांति बनाए रखने का सशक्त माध्यम है उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र कई बरसों से अक्षुण्ण है इसका कारण भारत के कई लोगों का बलिदान है जिन्होंने समय समय पर इस देश की संस्कृति, एकता और लोकतंत्र को अक्षुण्ण रखने के लिए कार्य किए।

राज्यपाल ने कहा कि भारत की संस्कृति विश्व की पहली संस्कृति है। हजार वर्षों से ज्यादा समय तक हमारी संस्कृति को छिन्न-भिन्न करने की कोशिश की गई है। मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भी संस्कृति को क्षति पहुचाने की कोशिश की। विश्व में जब कुल 6 विश्वविद्यालय थे, उस समय हमारे पास नालंदा और तक्षशिला जैसे दो विशाल विश्वविद्यालय थे। विभिन्न आक्रांताओं द्वारा किए गए आक्रमण साथ ही विभिन्न कुत्सित प्रयासों के बाद भी हमारी संस्कृति नष्ट नहीं हुई, बल्कि तेजी से बढ़ रही है। क्योंकि हमारे यहां योगी, महात्मा हुए। हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया। हम सर्वधर्म को मानते हैं।

उन्होंने कहा कि सभी लोग राष्ट्रहित के लिए और शांति के लिए कार्य करे, ये बेहद महत्वपूर्ण है उन्होंने मीडिया के विभिन्न माध्यमों के बारे में बताते हुए कहा कि मीडिया का हर माध्यम आज के समय में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। राज्यपाल ने बताया कि हमारा देश विश्व में कई क्षेत्रों में अग्रणी है साथ ही सामुहिक प्रयासों से ही आगे प्रगतिरत भी है। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

---

## बच्चे ध्यान लगा पढ़ें और आगे बढ़ें-राज्यपाल

**जयपुर/सिरोही, 27 सितम्बर। राज्यपाल ने भारजा में दिल्ली पब्लिक स्कूल में बच्चों को ध्यान लगाकर पढ़ने की बात कही। उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्य पर ध्यान रखकर मेहनत करने की बात कही एवं अनुशासित जीवन चर्या से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।**

**उन्होंने बच्चों को जीवन में अनुशासन रखने, खाना जूठा ना छोड़ने सदैव सत्य बोलने और सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत रहने की बात कही। उन्होंने बच्चों को उत्तम दिनचर्या और सद्गुणों के माध्यम से एक आदर्श व्यक्ति बनने की प्रेरणा दी। इस दौरान राज्यपाल ने विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न वाद्य यंत्रों पर दी गई सुरीली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं नृत्य प्रस्तुति पर उनकी सराहना करते हुए उत्साह वर्धन किया एवं शुभकामनाएं दी।**

**राज्यपाल बागड़े ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया और सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।**

---






NAL MEDIA CONFERENCE-2025
Media for Promoting Peace, Unity and Trust in Society”
BK Karuna
Hon. H. Bagde
BK Mohini Didi


26th to 30th Septemb
at Shantivan, Abu Roa


BRAHMA KUMARIS